
# पहले रविवार को मेले में उमड़ा जन सैलाब



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 28 दिसम्बर।** ग्वालियर मेला शुरू होने के बाद आए पहले रविवार को बड़ी संख्या में सैलानी पहुँचे। मेले के ज्यादातर सेक्टरों में सैलानियों की अच्छी-खासी भीड़ नजर आई। झूला सेक्टर तो सैलानियों से फुल बना रहा। नौनिहालों ने खिलौना कार की तो बच्चों, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने ऊँट की सवारी की। साथ ही मेले के पारंपरिक पकवान खजला, पापड़, नॉन खटाई, सॉफ्टी, पिण्ड खजूर, भेलपुरी, गाजर का हलवा एवं साउथ इंडियन भोजन का लुत्फ उठाया।
बता दें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते रोज मेले का उद्घाटन किया था। उद्घाटन के बाद 28 दिसम्बर इस साल के मेले के लिये पहला रविवार था। पच्चीस दिसम्बर से शुरू हुआ ऐतिहासिक ग्वालियर व्यापार मेला 25 फरवरी तक आयोजित होगा। इस साल के ग्वालियर मेले में मेला प्राधिकरण द्वारा जिला प्रशासन व नगर निगम के सहयोग से बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया है। साथ ही एहतियात बतौर फायर ब्रिगेड इत्यादि का पुख्ता इंतजाम भी किया गया है।
बड़ी संख्या में सैलानियों के पहुँचने से मेले के दुकानदार गदगद थे। साथ ही जिनकी दुकानें अधूरी थीं वे अपनी दुकानों को तेजी के साथ सजाने में जुट गए। ग्वालियर मेला पारंपरिक रूप से उन हाथों को काम व मंच देता रहा है जो मिट्टी से सोना बनाते हैं। साथ ही उन सपनों को दिशा देता है, जो आत्मनिर्भर भारत की नींव हैं। इस साल के मेले में भी इसके सजीव दर्शन हो रहे हैं। दस रुपए का हर माल से लेकर लाखों रूपए तक की वस्तुएं व उपकरण ग्वालियर मेले में उपलब्ध होते हैं।
ग्वालियर व्यापार मेला जब अपने शबाब पर होता है तब तो लोगों को रोजगार देता ही है। साथ ही जिस दिन से मेले में दुकानें व शोरूम बनना शुरू होते हैं तभी से बहुत से स्थानीय छोटे-छोटे कारोबारियों की कमाई शुरू हो जाती है। इस साल भी शुरू से ही छोटे-छोटे व्यवसायी अच्छी-खासी आमदनी अर्जित कर रहे हैं।

### मेले में सैलानियों को खूब भा रही है रेगिस्तान के जहाज ऊँट की सवारी



सतरंगी रोशनी में नहाए रोमांचक व आकर्षक झूले ही मेले में मनोरंजन व आकर्षण का केन्द्र नहीं हैं, रेगिस्तान का जहाज यानि ऊँट भी सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। रंग बिरंगे परिधानों में सजे-धजे ऊँट की सवारी करने के लिए बच्चों व युवाओं में होड़ मची है। मेले में पहुँच रहे सैलानियों को रेगिस्तान के जहाज की सवारी खूब भा रही है। इस साल के ग्वालियर व्यापार मेले में राजस्थान के धौलपुर, करौली व सवाई माधौपुर जिलों से पारंपरिक रूप से ऊँट पालने वाले व्यवसायी आए हैं। इससे मेले की रौनक बढ़ गई है। बाड़ी धौलपुर से ऊँट लेकर मेले में आए शब्बीर खान का कहना है कि हम पिछले 6 सालों से मेले में आ रहे हैं। नए साल के पहले दिन से मनोरंजन व सैर कराने का यह व्यवसाय अच्छा चल रहा है। पिछले साल के मेले के अनुभव के आधार पर शब्बीर बताते हैं कि मुझे मेले में प्रतिदिन हज़ार से लेकर 1200 रुपए की औसतन आमदनी हो जाती है। खेल-खिलौने, खान-पान और परिधानों से सजी-धजी दुकानों के बीच मेले की चौड़ी सड़कों पर ऊँट की सवारी का सैलानी खूब लुत्फ उठा रहे हैं। पैरों के गद्देदार व गोलाकार पंजे होने से ऊँट आसानी से रेगिस्तान में आ जा सकता है और यह रेतीले क्षेत्र में परिवहन का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। इसीलिए, ऊँट को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है।


# कांग्रेस के स्थापना दिवस पर हुई संगोष्ठी

### वक्ताओं ने कहा कि आजादी और आजादी के बाद कांग्रेस ने अनेक कुर्बानियां दी



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 28 दिसंबर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर कांग्रेस का 140वें स्थापना दिवस समारोह शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदेमातरम गान से हुआ। तत्पश्चात् कांग्रेस का राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।
कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, संगोष्ठी के मुख्य वक्ता वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र सिंह नाती थे, संगोष्ठी में वयोवृद्ध कांग्रेसजनों जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन पार्टी को समर्पित किया ऐसे रतिराम यादव, भावनदास दयानी, जे.एच. जाफरी सहित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेन्द्र सिंह नाती का स्वागत शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण के साथ समापन हुआ।
कार्यक्रम के मुख्यवक्ता राजेन्द्र सिंह नाती ने कांग्रेस का इतिहास बताते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास स्वतंत्रता संग्राम से अभिन्न रूप से जुड़ा है। ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ शुरुआती आवाज बनकर उभरी यह पार्टी जल्द ही जन-आंदोलनों की अगुआ बनी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन (1920), सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930) और भारत छोड़ो आंदोलन (1942) जैसे ऐतिहासिक आंदोलनों ने ब्रिटिश शासन को हिलाकर रख दिया। इन आंदोलनों में कांग्रेस ने करोड़ों भारतीयों को सड़कों पर उतारा और 15 अगस्त 1947 को आजादी दिलाई।
शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी कांग्रेस वही सेवा, संघर्ष और त्याग की भावना से प्रेरित है। हम युवाओं से अपील करते हैं कि वे इस विरासत को संभालें और भारत को समृद्ध राष्ट्र बनाएं और इस दिवस को मात्र समारोह न मानें, बल्कि सेवा और समर्पण का संकल्प लें।
कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, प्रदेश सचिव राहुल शर्मा, महाराज सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह नाती, वीर सिंह तौमर, जेएच जाफरी, चतुर्भुज धनोलिया, हेवरन सिंह कंसाना, श्रीमती सीमा समाधिया, पूरन सिंह कुशवाह, मेहबूब खां चेनवाले, हरेन्द्र गुर्जर, देवेन्द्र शर्मा, दर्शन मिश्रा, देशराज भार्गव एड, पियुश जैन, महेश मधुरिया, कुलदीप सिंह कौरव एड, अवनीश गोड़, महेन्द्र शर्मा, तरुण यादव, भूपेन्द्र तौमर, सोनू भदोरिया, आदित्य सेंगर, अशोक तेरेटिया, शंकर गाबरा, रविन्द्र सिंह भदोरिया, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, राजेश खान, अंसार खान, मुनेन्द्र भदोरिया सहित अनेक कांग्रेसजन सम्मलित थे।

# 31 की रात में रहेगी पुलिस निगरानी, नियम तोड़ा तो कार्रवाई




### नववर्ष पर शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने होटल व बार संचालकों की एसएसपी ने ली बैठक

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,28 दिसम्बर।** 31 दिसंबर की रात पुलिस सभी थाना क्षेत्रों में निगरानी रखेगी और नशाखोरी, हुड़दंग, नियमों के उल्लंघन या अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी एसएसपी ग्वालियर ने एक बैठक लेकर दी। नववर्ष के अवसर पर शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम ग्वालियर में शहर के होटल, रेस्टोरेंट एवं बार संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नववर्ष की रात कार्यक्रमों के दौरान पूर्णतः कानून-व्यवस्था का पालन करने एवं किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने देने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। एसएसपी ग्वालियर ने कहा कि नियमों से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, अतः सभी आयोजक नियमों के दायरे में रहकर ही कार्यक्रम आयोजित करें।

**इन नियमों का रखना होगा ध्यान,वर्ना होगी कार्रवाई:** बैठक में एसएसपी ग्वालियर द्वारा संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय सीमा का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए, तेज आवाज में संगीत न बजाया जाए तथा ध्वनि नियमों का पालन किया जाए। नशीली पदार्थों, अवैध शराब एवं किसी भी अवैध गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यायालय के निर्देशानुसार डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आयोजन स्थल के आसपास पार्किंग व्यवस्था, यातायात सुचारू रखने तथा आमजन एवं आसपास के रहवासियों को असुविधा न हो, इसकी जिम्मेदारी आयोजकों की होगी। बिना अनुमति कोई आयोजन नहीं किया जाएगा तथा कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय अवस्था में रखना अनिवार्य रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने स्पष्ट किया कि नववर्ष के अवसर कानून व्यवस्था एवं शांति में व्यवधान पैदा करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आयोजकों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**बैठक में यह अधिकारीगण भी रहे मौजूद :** इस अवसर पर अति. पुलिस अधीक्षक(पूर्व) श्रीमती विदिता डागर, अति. पुलिस अधीक्षक (मध्य, यातायात) श्रीमती अनु बेनीवाल, सीएसपी विश्व विद्यालय श्रीमती हिना खान, सीएसपी ग्वालियर कृष्ण पाल सिंह, परिवीक्षाधीन अधिकारी मनोज कुमार तथा होटल, रेस्टोरेंट एवं बार संचालक उपस्थित रहे।

### ग्वालियर पुलिस ने की अपील

आमजन नववर्ष का स्वागत उल्लास एवं संयम के साथ करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं, सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एफआरव्ही में तोड़फोड़ करने वाले 3 पकड़े

### आरोपियों से अवैध हथियार 32 बोर की पिस्टल, 3 जिन्दा राउण्ड तथा दो 315 बोर के कट्टा बरामद

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,28 दिसम्बर।** सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाने व एफआरव्ही में तोड़फोड़ करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पकडे गए आरोपियों से अवैध हथियार जिनमें एक 32 बोर की पिस्टल, 3 जिन्दा राउण्ड तथा दो 315 बोर के कट्टा, दो जिन्दा राउंड जप्त किये गये हैं।
गौरतलब हैं कि आरक्षक सत्येन्द्र यादव थाना पिछोर ने रिपोर्ट कराई थी कि 22 दिसंबर की सुबह करीवन 10 बजे कालिन्दी के पास झगड़े की सूचना पर उसे एफआरव्ही 40 पर तैनात पुलिस स्टाफ के साथ रवाना किया गया था और जब एफआरव्ही मौके पर पहुंची तो मैने अपना मोबाइल निकाला और मौके पर वीडियो बनाने लगा तभी वहाँ पर कपिल यादव, अबधेश, अरवाज खान आये जिन्होने मेरे द्वारा मोबाइल से वीडियो बनाने से रोकने के लिये मेरा सेमसंग एफ23 कंपनी का मोबाइल छीन लिया एवं मेरे साथ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर गालियाँ देने लगे, तभी वहाँ पर उनके 4 अन्य साथी आ गये जिन्होने मेरी मारपीट कर दी जिससे मुझे चोटे आई। उक्त लोगों ने एफआरव्ही 40 वाहन का पीछे का कांच पत्थर फेककर तोड़ दिया एवं मोबाइल उक्त लोग लेकर भाग गये। थाना पिछोर में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।
विवेचना में थाना पिछोर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण में फरार आरोपी सुभाष गंज डबरा में देखा गया है, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक संदिग्ध खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेरकर पकड़ा गया और संदिग्ध से पूछताछ की तो अपना नाम अवधेश बघेल पुत्र देवेन्द्र बघेल उम्र 21 साल निवासी ग्राम सरनागत थाना पिछोर जिला ग्वालियर का होना बताया।
पुलिस द्वारा आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ की घटना करना स्वीकार किया गया और घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल के संबंध में पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन गहनता से पूछताछ करने पिस्टल को सरनागत पहाड़ी पर पत्थर की सुराख मे छुपाकर रखना बताया।



### गोस्वामी प्रदेश में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव ने मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक, कर्मचारी संघ ( इंटक) के प्रदेश महामंत्री विश्वेश्वर गोस्वामी को राजेंद्र सिंह नाती प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मध्य प्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक की अनुशंसा पर प्रदेश में स्थान विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया । मजदूर कांग्रेस इंटक के कार्यालय श्रम शिविर तानसेन मार्ग हजीरा ग्वालियर पर रतिराम यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के कर कमलों से प्रदान किया गया। जिसमें संघ के साथी उपस्थित रहे ।सभी वरिष्ठ जनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# खुरैरी से गुहीसर तक पूरी चौड़ाई में बनाएं सड़क : कलेक्टर

### कलेक्टर चौहान ने किया निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,28 दिसम्बर।** ग्वालियर शहर से जुड़े खुरैरी से भिण्ड जिले की सीमा तक निर्माणाधीन सड़क निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप पूरी चौड़ाई में बनाई जाए। सड़क की चौड़ाई कम नहीं होना चाहिए। साथ ही सड़क की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर रुचिका चौहान ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने रविवार को इस सड़क का औचक निरीक्षण किया। ज्ञात हो ग्वालियर शहर से जुड़े खुरैरी से बिजौली - गुंधारा - जिगिनिया होते हुए भिण्ड जिले की सीमा में स्थित ग्राम गुहीसर तक लगभग 31 किलोमीटर लम्बी सड़क बनाई जा रही है। इस सड़क के निर्माण के लिये सरकार द्वारा 85 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि मंजूर की गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क की चौड़ाई में बाधा बन रहे अतिक्रमण जल्द से जल्द हटवाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तेजी के साथ सड़क का काम पूर्ण करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खुरैरी – बिजौली – गुंधारा – जिगनिया मार्ग के शुरूआती प्वॉइंट से लेकर निर्माणाधीन फोर लेन मार्ग पर जो अतिक्रमण सामने आ रहे हैं, उन्हें सूचीबद्ध कर नगर निगम एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के माध्यम से नोटिस देकर एक हफ्ते के भीतर अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि मार्ग में पड़ने वाले गाँवों के घरों से निकल रहे पानी को नाली के माध्यम से उचित जगह पर निकासी कराएं। कलेक्टर ने गणेशपुरा तिराहे पर मार्ग के दोनों ओर नाली बनाने से रोक रहे भू-स्वामियों को समझाएं और नाली का काम जल्द से जल्द शुरू कराएं। उन्होंने फोरलेन मार्ग पर बिजली के पोल एवं ट्रांसफार्मर डिवाइडर पर शिफ्ट कराएं। साथ ही सुरक्षा जाली भी लगाई जाए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम सोनी में राई मार्ग पर आवागमन सुगम बनाने के लिये इस मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान श्री नरेश गुप्ता व अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग ओ एन शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# धर्म संगम में गूंजे कैरोल गीत, किया सम्मान



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के डायरेक्टर एडवोकेट राजू फ्रांसिस ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। इसके बाद युवाओं की टोली ने एक से बढ़कर एक कैरोल गीत और डांस की प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा मॉल परिसर उत्सव के माहौल में सराबोर हो गया। कार्यक्रम के आए सभी अतिथियों का आयोजकों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और उनका आभार व्यक्त किया।

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,28 दिसम्बर।** शहर की सामाजिक संस्था रे ऑफ होप ने फूलबाग स्थित डी.डी. मॉल में एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। प्रस्तुति देने वाले सदस्यों में संस्था के सदस्य विनोद, ज्योति गुप्ता, रितिक, आकाश, पृथ्वी, सूरज, साहिल, आयुष, शबाना और शुभ ने अपनी कला के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पटसरिया ने कहा कि इस आयोजन ने शहरवासियों को धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे और उत्सव को एक साथ मनाने का एक सुंदर उदाहरण पेश किया हैं। ग्वालियर धर्म प्रांत के धर्माधिकारी बिशप जोसफ ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और शांति का संदेश दिया। और पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला ने पूर्व प्रधान मंत्री अटल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद किया। मंच पर संत कृपाल सिंह महाराज, बिशप वी.सी. जोसफ, पंडित बाबू, पंडित अमित सिंह, आनंद झीजीतिया और राजेश भदोरिया जैसे गणमान्य नागरिक अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### एलीवेटेड रोड में बाधा बन रहे 4500 वर्ग फीट क्षेत्र से हटाए अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 28 दिसम्बर।** ग्वालियर शहर के सुनियोजित विकास में बड़े आयाम के रूप में जुड़ने जा रहे एलीवेटेड रोड के निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण जिला प्रशासन द्वारा तेजी के साथ हटाए जा रहे हैं। इस कड़ी में कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर गई राजस्व विभाग की टीम ने ग्वालियर सिटी अनुविभाग के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई कर लगभग 4500 वर्गफीट क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाया। एसडीएम ग्वालियर सिटी प्रदीप कुमार ने बताया कि ग्राम मोहम्मदपुर के अंतर्गत राधा विहार कॉलोनी में सर्वे क्र.93 व 105 की 4500 वर्गफीट सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाया गया है। उन्होंने बताया कि एलीवेटेड रोड के निर्माण में बाधा बन रहे अन्य अतिक्रमण भी जल्द से जल्द हटाए जायेंगे।

# उपसंचालक कार्यालय के बाहर हर रविवार लगती है जैविक हाट

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 28 दिसम्बर।** शहरवासियों को जैविक उत्पाद मिल सके इसके लिए कलेक्टर रूचिका चैहान की पहल पर संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय (कृषि परिसर) के सामने मेला रोड पर हर रविवार जैविक हाट लग रही है। इस हाट में जैविक उत्पादों को बढावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों को जैविक उत्पादों के बेहतर दाम मिल सकें और शहरवासियों को जैविक उत्पाद । रविवार को आयोजित इस मेले में हजारों की संख्या में शहरवासी पहुंचे और उन्होंने हजारों रूपये के जैविक उत्पाद खरीदे। मेला रोड पर कृषि परिसर के सामने जैविक सेतु (जैविक हॉट) लगाई जा रही है। यहां पर प्रति रविवार को जिले में जैविक सब्जी, अनाज उगाने वाले किसान अपने उत्पादों को लेकर आते हैं। चूंकि वर्तमान समय में जैविक उत्पादों की अत्याधिक मांग है, लेकिन सही जैविक उत्पाद कई बार शहरवासियों के पास नहीं पहुंच पाते हैं, इसलिए कलेक्टर की पहले पर यह मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में उप संचालक कृषि सह परियोजना संचालक आत्मा रणवीर सिंह जाटव ने बताया कि जैविक सेतु में शहरवासी रसायन मुक्त जैविक एवं प्राकृतिक दालें, चावल, गेंहूँ, दलिया, अमरूद, ऑवला, सब्जियों में आलू, मूली, पालक, गाजर, बथुआ, सेम तथा जैविक खादों में वर्मीकम्पोंस्ट, वर्मीवास आदि उत्पाद बिक्री के लिए किसानों के द्वारा लाए जा रहे हैं। यह जैविक हाट बाजार सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक लगाया जा रहा है।

**शहरवासियों को दी जाती है जैविक उत्पादों की जानकारी और बताए जाते हैं लाभ**

उप संचालक कृषि सह परियोजना संचालक आत्मा श्री रनबीर सिंह जाटव ने बताया कि जैविक सेतु (जैविक हॉट) में मिलने वाले हर उत्पाद की पहचान रहती है।

### हाईकोर्ट ने घटिया मूंग दाल बेचने पर जुर्माना बरकरार रखा, अपीलीय अधिकरण का आदेश सही ठहराया

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच की एकल पीठ ने मानव उपयोग के लिये बिकने वाले खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता अस्वीकार्य बताया है। न्यायालय ने घटिया गुणवत्ता की मूंग की दाल बेचने के मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लगाये गये एक लाख रूपये के जुर्माने को सही ठहराते हुए अपील खारिज कर दी है। यह अपील राकेश कुमार द्वारा दायर की गयी थी। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अपीली अधिकरण, मुरैना के 19 सितम्बर 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। अपीलीय अधिकरण ने पहलें लगाये गये 2 लाख रूपये के जुर्माने का घटाकर एक लाख रूपये कर दिया था। इसके बावजूद अपीलकर्ता ने जुर्माने को पूरी तरह निरस्त करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का रूख किया था।

# मेले में 50 प्रतिशत आरटीओ छूट के लिए सीएम से मिलेगा कैट



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 28 दिसम्बर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स कैट के प्रतिनिधिमंडल ने आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल से उनके निवास पर भेंट की। कैट के संयुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के साथ कैट महामंत्री विवेक जैन, संभागीय मीडिया प्रभारी डॉ. सौरभ खण्डेलवाल, अरुण गुप्ता, दिनेश बंसल, जय हिन्द सिंह परिहार, अनुराग जैन, विकास शिवहरे, रजत सिंहल, योगेश मित्तल ने कहा कि मेला ग्वालियर की 120 साल पुरानी धरोहर है अतः मेले को संरक्षित और आधुनिक बनाने के लिए कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में अभी सबसे महत्वपूर्ण है कि मेले में ऑटोमोबाइल सेक्टर लगे और वाहनों पर 50 प्रतिशत आरटीओ छूट प्राप्त हो। कैट प्रतिनिधिमंडल ने आशीष अग्रवाल से मुख्यमंत्री से कैट का प्रतिनिधिमंडल मिले उसके लिए आग्रह किया। आशीष अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि 5 जनवरी तक हम आपको समय दिला देंगे और मेला हम सबकी धरोहर है इसके लिए हम मिलकर काम करेंगे।

### भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर ने ग्वालियर पुलिस व प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया

**ग्वालियर।** ग्वालियर में कथित तौर पर बाबा अम्बेडकर का पुतला फूंकने के प्रयास की घटना के बाद सोशल मीडिया प्लेट फार्म एक्स पर भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद ने पोस्ट कर लिखा है 'संविधान निर्माता के पुतला दहन का प्रयास लोकतंत्र व सामाजिक न्याय को खुली चुनौती है।' चंद्रशेखर ने ग्वालियर पुलिस व प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया कि यदि आरोपी पर मामला दर्ज नहीं किया गया तो 1 जनवरी को ग्वालियर में जन आंदोलन होगा। मामले में एसएसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने कहा कि पुतला चंद्रशेखर का दहन करने का प्लान था। पुलिस मामले की गंभीरता को समझती है, इसलिए पुतला दहन होने से रोका गया। शांति भंग करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



# मन की बात को भाजपाजनों ने सभी बूथों पर देखा व सुना

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 28 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 129वें संस्करण के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने स्वयं के बूथ क्रमांक 286 सीबीएसई कान्वेंट स्कूल, पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर वार्ड 34 के बूथ क्रमांक 100 पर वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया रामकृष्ण मंडल के बूथ क्रमांक 211 पर, मंडल अध्यक्ष शिवसिंह यादव ने भाजपा पदाधिकारी, बूथ समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम देखा व सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं का बिना सलाह इस्तेमाल करना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की ताकत उसकी जनता है और देश की प्रगति में आम नागरिकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।